Sir, I lay a copy of the Bill on the Table.

REPORT OF THE JOINT PARLIAMENTARY COMMITTEE ON THE FUNCTIONING OF WAKF BOARDS

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तरांचल) : महोदय, मै दादरा और नागर हवेली वक्फ बोर्ड के संबंध में वक्फ बोर्ड के कार्यकरण संबंधी संयुक्त संसदीय समिती का तीसरा प्रतिवेदन (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) प्रस्तुत करता हूं।

RE: BROCHURE ON NEW PARLIAMENT LIBRARY COMPLEX

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : सभापति महोदय, मुझे एक मिनट आप दे दें, बड़ी कृपा होगी। सर, परसों जिस लायब्रेरी का उद्घाट्न हुआ है, उसके बारे में सीपीडब्ल्यूडी ने एक ब्रोशर प्रकाशित करके बांटा है। लायब्रेरी का शिलान्यास राजीव गांधी जी के द्वारा 15 अगस्त, 1987 को किया गया, उसका भूमि पूजन लोक सभा के स्पीकर श्री शिवराज जी पाटिल का द्वारा किया गया। माननीय सभापति महोदय, इस पूरे ब्रोशर में न तो राजीव जी क नाम है न शिवराज जी पाटिल का नाम है जबकि उसमें काम करने वाले छोटे बड़े इंजीनियर्स तक का नाम दिया गया है। दूसरे कर्मचारियो का नाम है। 197 करोड़ के प्रोजेक्ट में शिलन्यसकर्ता इस देश के प्रधान मंत्री का नाम तक नही है, यह बहुत बड़ी आपति है। कृपया आप हस्तक्षेप करें और इस प्रश्न पर कुछ ऐसा करें जिससे यह ब्रोशर विदड्रा हो सके और नया ब्रोशर सामने आ सके जिसमें पूरा इतिहास शामिल हो और इतिहास के साथ खिलवाड़ न किया जा सके। यह मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना है।

Re. NON-AVAILABILITY OF POWER

कुमारी मैबल रिबैलो (मध्य प्रदेश) : महोदय, कल रात हमारे एमएस फ्लैटस में तीन बजे रात तक बिजली नही थी। कल, परसों – चार दिन से लगातार हम लोगो केफ्लैटस में बिजली नही है। तीन-तीन बजे रात तक हम लोगो को बैठना पड़ता है। रात को तीन बजे बिजली आती है। परसों नही आई , कल भी नही आयी। हम लोग कैसे काम करें ?

MR. CHAIRMAN: Let the Minister reply.

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) : कल सारी रात बिजली के लिए फोन करते रहे ...**(व्यवधान)** ...

कुमारी मैबल रिबैलो (उत्तर प्रदेश) : हम लोगो को तकलीफ हो रही है ...**(व्यवधान)** ...

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल (**उत्तर प्रदेश**) : यह बात सही है कि चार दिन से बिजली नही है **...(व्यवधान)...**

श्री रूमन्डला रामचन्द्रय्या (**आन्ध्र प्रदेश**) : गांवो में बिजली आधे-आधे दिन तक नही है। आप घंटो में इतनी तकलीफ की बात कर रहे है **...(व्यवधान)...**

MR. CHAIRMAN: Let the Minister respond.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI 0. RAJAGOPAL): Sir, I am personally aware of the problem mentioned by many hon. Members relating to non-availability of power in Government buildings and MPs houses for the last few days. Since the issue has been raised by the hon. Members, I will definitely bring it to the notice of the concerned Minister.

MR. CHAIRMAN: For immediate action.

SHRI 0. RAJAGOPAL: Yes. Sir.

श्री बालकवि बैरागी (**मध्य प्रदेश**) **:** बिजली नही होने से पानी नही होता है, यह सबसे बडी समस्या है।

श्रीमती सरोज दुबे : हम भी बहुत परेशान है **...(व्यवधान)...**

श्री सभापति : मंत्री जी ने इसको इमीडिएट्ली देखने के लिए कहा है।

SPECIAL MENTIONS

MR. CHAIRMAN: Shri Moolchand Meena. Absent. Shrimati Savita Sharda.

Need to protect children from HIV/ AIDS

श्रीमती सविता शारदा (**गुजरात**) : सभापति महोदय, मेरा आज का स्पेशल मेंशन शिशुओं को एचआई एड्स रोग से बचाने के संबंध में है। जहां देश में नवजात शिशुओ की मौतो के प्रमुख कारणों में पुतिया, न्यूमोनिया, मस्तिष्क का ज्वर, शोथ, नाथिशोथ, टिटनेस, अतिसार जन्म के समय सांस लेने की परेशानी, कम वज़न जैसी अनेक बीमारियां शामिल है वहीं